**Title: Need to provide financial assistance to the Government of Bihar for all round development of the State**

**श्री नवल किशोर राय** ( सीतामढ़ी ): अध्यक्ष महोदय, बिहार के विभाजन के बाद राज्य में आय का श्रोत प्रायः समाप्त हो गया है। बिहार राज्य के वार्षिक विकास की वृद्धि दर देश में सबसे कम है। जरूरत है कि इसे यथाशीघ्र दूसरे राज्यों के बराबर लाया जाये। योजना आयोग ने भी अनुभव किया है कि बिजली, सिंचाई, वन विस्तार, बाढ़ नियंत्रण ऐसे क्षेत्र हैं, जहां तुरंत सुधार की जरूरत है और यदि ये सुधार कर दिए जायें तो बिहार राज्य को अन्य राज्यों के बराबर खड़ा होने में देर नहीं लगेगी। आज बिहार में गरीबी, निरक्षरता, बेरोजगारी है, जिसके कारण भारी संख्या में जन पलायन है, जो बिहार के साथ साथ अन्य राज्यों के लिए भी संकट पैदा कर रहा है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राज्य की उपरोक्त समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए विशेा सहायता राशि कम से कम 800 करोड़ रूपया पहले चरण में देने की व्यवस्था की जाये।